चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/1007

दिनांक : 02.06.2021

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि परीक्षा समिति की दिनांक 20.03.2021 को आहूत बैठक के मद संख्या–12 में निम्नवत् संकल्प पारित किया गया है :–

" परीक्षा समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक/सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का प्रवेश पत्र तब तक डाउनलोड नहीं कराया जायेगा, जब तक कि सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न कराकर महाविद्यालयों/संस्थान द्वारा अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं कर दिये जाते हैं। "

अतः मा0 परीक्षा समिति द्वारा पारित उक्त संकल्प के क्रम में समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि मा0 परीक्षा समिति के उक्त निर्णय का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

02.06.21

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. समस्त संकायाध्यक्ष, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
4. समस्त मूल्यांकन समन्वयक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. सहा0 कुलसचिव (परीक्षा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी, कमेटी सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रतिनिधि, मास्कोट साफ्टवेव प्राइवेट लिमिटेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. प्रभारी, वेबसाईट विश्वविद्यालय को वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु।

सहा0 कुलसचिव
(गोपनीय)